हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13 . 0 डिग्री

रावत नाच महोत्सव में सिलपहरी के नर्तक दल ने मारी बाजी

2



## खबर संक्षेप

### नेताजी चौक में शुरू किया ट्रैफिक सिग्नल लाइट

**जांजगीर-चांपा।** यातायात सुरक्षा बेहतर बनाने के लिए नेताजी चौक जांजगीर में ट्रैफिक सिग्नल लाइट प्रारंभ किया गया। इसके पूर्व कचहरी चौक जांजगीर में ट्रैफिक सिग्नल लाइट शुरु किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय द्वारा यातायात सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में सोमवार 8 दिसंबर को यातायात जांजगीर पुलिस द्वारा जांजगीर नेता जी चौक में ट्रैफिक सिग्नल शुरू किया गया। यह एक ऐसा उपकरण है जो सड़क के चौराहों पर यातायात को नियंत्रित करता है, और नियमों का पालन करवाने के लिए लाल, पीली और हरी बत्तियों का उपयोग करता। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे ट्रैफिक सिग्नल का पालन करें और यातायात नियमों का उल्लंघन न करें। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### स्क्रब टाइफस रोग से बचाव एवं रोकथाम जरूरी

**जांजगीर-चांपा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि आई.डी.एस.पी. जिला सर्विलेंस इकाई द्वारा राज्य कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देश अनुसार बताया गया कि यह रोग ओरिएंटिया त्सुत्सुगामुशी नामक जीवाणु से होता है, जो संक्रमित चिगर माइट (छोटे कीड़े) के काटने से फैलता है। हाल ही के मौसम में स्क्रब टाइफस रोग के मामले सामने आ रहे है। यह रोग चिगर माइट के काटने से फैलता है, जो झाड़ियों, घास एवं खेतों में पनपते है। समय पर पहचान औरइ लाज से यह रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है। रोग के प्रमुख लक्षण - तेज बुखार, सिर दर्द, शरीर दर्द और कमजोरी, खॉसीयां, सॉस लेने में कठिनाई, शरीर पर काले रंग का छोटा घाव, पेटदर्द, उल्टी स्क्रब टाइफस रोग के प्रमुख लक्षण है। खेतों, झाड़ियों या घास में जाते समय पूरी बॉह और पैर ढकने वाले कपड़े पहने। जूतों और मोजों का उपयोग करें। खेतों में काम करने के बाद स्नान अवश्य करें। घर और आसपास की झाड़ियों को काटकर साफ रखें। बच्चों को घास पर बैठने या खेलने से बचाऍं।

### मतदाता सूची का प्रारंभिक 16, 14 को अंतिम प्रकाशन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण 2025-26 आर्हता तिथि 01.01.2026 के संदर्भ में आयोग द्वारा जारी संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम में चर्चा हुई। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में चलाये जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी संशोधित कार्यक्रम अनुसार 11 दिसम्बर 2025 तक गणना पत्रक सत्यापन, 16 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, 16 दिसम्बर से 15 जनवरी तक दावा आपत्ति, 16 दिसम्बर से 7 फरवरी तक सुनवाई और सत्यापन कार्य एवं 14 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन के संबंध में राजनैतिक दलों को जानकारी दिया गया। बैठक में विशेष पुनरीक्षण के संशोधित कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी एवं शेष बचे मतदान केन्द्रों में बीएलए की नियुक्ति के संबंध में चर्चा की गई।

### धान खरीदी केंद्रों में कटा 1602 टोकन, होगी खरीदी

**सक्ती।** जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महाअभियान शुरू हो गया है। जिसके तहत समर्थन मूल्य पर सक्ती जिले में अब तक 112 केंद्रों में कुल 27590.60 मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। जिले में पंजीकृत किसानों से धान खरीदी के लिए 125 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। जिला सक्ती में 8 दिसम्बर को धान खरीदी हेतु जिले के 125 उपार्जन केन्द्रों में 1602 टोकन जारी हुआ है। जिसमें 7921.488 मेट्रिक टन धान खरीदी होना है।

---

सक्ती जिले के घिवरा उपार्जन केन्द्र में लापरवाही की हद, सो रहा विभाग

# खरीदी केन्द्र में कम्प्यूटर ऑपरेटर नहीं! धान बेचने भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा- घिवरा

सक्ती जिले का धान उपार्जन केन्द्र शायद पहला ऐसा केन्द्र है, जहां खरीदी शुरू होने के 3 सप्ताह बाद भी कम्प्यूटर ऑपरेटर का पता नहीं है। दरअसल यहां कम्प्यूटर ऑपरेटर की स्थायी व्यवस्था अभी तक नहीं हो सकी है। ऐसे में किसान टोकन कटवाने से लेकर धान बेचने तक परेशान हो रहे है। वहीं जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा है।

राज्य शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत वैसे तो 15 नवंबर से प्रारंभ हो गई है। इसको लेकर जिला सहकारी बैंक प्रबंधन के साथ उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, मार्कफेड और खाद्य विभाग सहित जिला प्रशासन को समय पूर्व व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए थे। नियमानुसार 15 नवंबर के पहले ही खरीदी केन्द्रों में प्रभारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति करके खरीदी शुरू करनी थी, लेकिन सक्ती जिला के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित घिवरा पंजीयन क्रमांक 881 में अभी तक कम्प्यूटर ऑपरेटर के दर्शन नहीं हुए है। बताया जाता है कि यहां जिसे खरीदी के पूर्व कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिम्मेदारी मिली थी, उसने कार्यभार ग्रहण नहीं किया। वहीं घिवरा सोसायटी में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटर को जमड़ी उपकेन्द्र में कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिम्मेदारी दी गई थी। ऐसी स्थिति में घिवरा केन्द्र में जिसे कम्प्यूटर का काम करना था, उसे ऑपरेटर के नहीं आने से यहां कम्प्यूटर संबंधी कामकाज प्रभावित होने लगा। वर्तमान में स्थिति यह है कि धान खरीदी प्रारंभ होने के तीन सप्ताह बाद भी घिवरा उपार्जन केन्द्र में कम्प्यूटर ऑपरेटर का पता नहीं है। यहां के अन्य कर्मचारी जैसे तैसे कामकाज संभाल रहे है। इस तरह के हालात में किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसान टोकन कटवाने से लेकर धान बेचने तक के लिए परेशान हो रहे है।

इधर इस संबंध में समिति के प्राधिकृत अधिकारी मनोज कुमार कश्यप ने बताया कि घिवरा केन्द्र में जिसे कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिम्मेदारी दी गई थी, उसने कार्यभार ग्रहण नहीं किया। जिसके कारण किसानों को परेशानी हो रही थी। आज ही व्यवस्था बनाए है। अब समस्या नहीं होगी।



धान बेचने पहुंचे किसान।

### बिना ऑपरेटर के केन्द्र में धान खरीदी का शुभारंभ

सक्ती जिले के धान खरीदी केन्द्रों में इस तरह का अव्यवस्था का आलम है इसका अंदाजा घिवरा केन्द्र से लगाया जा सकता है। खरीदी शुरू होने के इतने दिनों बाद भी जहां घिवरा केन्द्रों में कम्प्यूटर ऑपरेटर का पता नहीं है, तो वहीं बिना कम्प्यूटर ऑपरेटर वाले इस केन्द्र में धान खरीदी का शुभारंभ भी हो गया है।

### सौंपे है जिम्मेदारी

पूर्व में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटर सुरेश देवांगन का नाम घिवरा खरीदी केन्द्र के लिए प्रस्तावित किया गया है, उसे कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिम्मेदारी दे दी गई है। अब समस्या नहीं होगी।

-जगदीश प्रसाद कश्यप,
संस्था प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति घिवरा

### बनाए है व्यवस्था

पूर्व में जिस ऑपरेटर का नाम घिवरा के लिए था, उसने ज्वाइनिंग नहीं की। घिवरा में कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति हो गई है। अब किसानों को परेशानी नहीं होगी। 9 दिसंबर से काम सुचारू होगा।

-अश्वनी पाण्डेय,
नोडल अधिकारी
जिला सहकारी बैंक सक्ती

---

# 12 सौ सर्वे टीमें घर-घर देंगी दस्तक, 8 से 31 दिसंबर तक चलेगा सघन कुष्ठ खोज अभियान

## मानिटरिंग टीम प्रत्येक दिन 10 प्रतिशत घरों का करेगी निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले में कुष्ठ उन्मूलन को तेज रफ्तार देने स्वास्थ्य विभाग 8 से 31 दिसंबर तक बड़ा अभियान चलाने जा रहा है। कुल 1200 सर्वे टीमें शहर से लेकर गांवों तक घर-घर पहुंचकर लोगों की जांच करेंगी, संदेहास्पद मरीजों की पहचान करेंगी और समुदाय को कुष्ठ के लक्षण, बचाव एवं निःशुल्क उपचार की जानकारी देंगी। जिले को कुष्ठ संक्रमण की दृष्टि से हाई एंडेमिक श्रेणी में माना गया है, ऐसे में यह अभियान बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी घर को सर्वे से न छूटने दें और जागरूकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक पहचान और समय पर उपचार ही कुष्ठ उन्मूलन की कुंजी है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर आर.के. तंबोली सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उमेश कुमार मरकाम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन 15-20 और शहरी क्षेत्रों में 20-25 घरों का सर्वे होगा। घर की बाहरी दीवार पर गेरु से टिक निशान व सर्वे दिनांक दर्ज किया जाएगा। संदेहास्पद मरीजों की प्राथमिक जांच एनएमए/आरएचओ द्वारा की जाएगी और पुष्टि चिकित्सा अधिकारी द्वारा कर एमडीटी दवा से उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। सभी पुष्ट मरीजों की प्रविष्टि निकुष्ठ 2.0 पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज की जाएगी। साथ ही मॉनिटरिंग टीमें प्रतिदिन 10 प्रतिशत घरों का औचक निरीक्षण कर प्रगति रिपोर्ट जमा करेंगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि 3 से 6 दिसंबर के बीच जिला, ब्लॉक और उप-स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर क्रमवार प्रशिक्षण दिया गया है। अकलतरा, बलौदा, बम्हनीडीह, नवागढ़, पामगढ़ एवं जांजगीर शहरी क्षेत्र सहित जिलेभर में 1200 सर्वे टीमों को तैनात किया गया है, जो अभियान अवधि में हर घर तक पहुँचकर संभावित मरीजों की पहचान करेंगी। एनएमए के.के. थवाईत ने बताया कि शासन का लक्ष्य है कि जिले में प्रति 10 हजार जनसंख्या पर 1 या उससे कम नए कुष्ठ मरीज ही मिलें। उन्होंने कहा कि "कुष्ठ पूरी तरह उपचार योग्य रोग है, बस समय पर पहचान जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सर्वे टीमों को सहयोग दें, किसी भी लक्षण को न छिपाएँ और जरूरत पड़ने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच अवश्य कराएँ। घर की बाहरी दीवार पर गेरु से टिक निशान व सर्वे दिनांक दर्ज किया जाएगा। संदेहास्पद मरीजों की प्राथमिक जांच एनएमए व आरएचओ द्वारा की जाएगी और पुष्टि चिकित्सा अधिकारी द्वारा कर एमडीटी दवा उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। बताया जाता है कि अकलतरा, बलौदा, बम्हनीडीह, नवागढ़, पामगढ़ एवं जांजगीर शहरी क्षेत्र सहित जिलेभर में 1200 सर्वे टीमों को तैनात किया गया है, जो अभियान अवधि में हर घर तक पहुंचकर संभावित मरीजों की पहचान करेंगी। इस संबंध में कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के उत्कर्ष तिवारी का कहना है कि कुष्ठ खोज अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा। इसे लेकर निर्देश जारी किया गया है।



---

# धान के अवैध भंडारण पर कार्रवाई 73 क्विंटल की बनाई गई जब्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

धान के अवैध भंडारण पर कार्रवाई करते हुए 73 क्विंटल धान की जब्ती बनाई गई है। जब्त धान की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। उक्त कार्रवाई मंडी, खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा जिले में अवैध धान के भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। बाहरी क्षेत्रों से अवैध धान प्रवेश को रोकने हेतु चेक पोस्ट स्थापित कर सतत निगरानी कर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार 8 दिसंबर को राजस्व, खाद्य एवं मंडी के संयुक्त जांच दल ने बलौदा तहसील के ग्राम अंगारखार एवं हरदीविशाल छापेमारी कर अवैध धान व वाहन जप्त किया। तहसील बलौदा के ग्राम अंगारखार में सुमीरीत लहरें पिता दिनाराम लहरें के परिसर से 113 बोरी धान मात्रा 45.20 क्विंटल एवं ग्राम हरदीविशाल से गाड़ी क्रमांक सीजी 11 ए के 9475 से अवैध परिवहन करते 70 बोरी धान मात्रा 28 क्विंटल धान गाड़ी सहित थाना बलौदा के सुपुर्दगी में दिया गया। दोनों मामलों में करीब 73 क्विंटल धान की जब्ती बनाई गई है। सभी मामलों में मंडी अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। श्री महोबे ने कहा कि धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध भंडारण या परिवहन में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा जाएगी।

### वन अधिकार पत्र धारकों के फौती नामांतरण 14 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार वन अधिकार पत्र (पट्टा) धारक कृषकों को भी प्राथमिकता से एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत कर धान खरीदी योजना का लाभ दिया जाना है। वर्तमान में जिले अंतर्गत 211 हितग्राहियों को फौतीनामांतण हेतु चिन्हांकित किया गया है जिनका फौती नामांतरण नहीं होने के कारण एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन होने में समस्या आ रही है। उक्त 211 हितग्राहियों की सूची संबंधित ग्राम पंचायत में चस्पा कर दिया गया है। सूची अनुसार हितग्राही, परिवारजन,विधिक वारिसान अपने संबंधित तहसील कार्यालय अकलतरा, बलौदा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी बलौदा में 14 दिसंबर तक समस्त मूल दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# डकैती के पांच आरोपियों को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

रकम की डकैती करने के साथ धारदार हथियार चाकू से हमला करने वाले 5 आरोपियों को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2-2 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र चौहान ने सुनाया है।

लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर के बताये अनुसार 17 जून 2024 को प्रार्थी योगेश कुमार अपने ग्राम बुढ़नपुर थाना नगरदा जिला सक्ती से अपने पिकअप में मुर्गा लेने के लिए अपने हेल्पर रामकिशन के साथ ग्राम महुदा थाना चांपा आया था। सुबह करीब 4 बजे द्वारिका प्रसाद के पोल्ट्री फार्म ग्राम महुदा पहुंचा तब पोल्ट्री फार्म बंद था। प्रार्थी अपने पिकअप वाहन को चांपा पिकअप वाहन के केबिन में जाली के उपर सोने चला गया और रामकिशन गाड़ी के अंदर में ड्रायवर व हेल्पर के सीट में लेटा था। करीब 4.30 बजे तीन मोटर सायकल में सवार 6-7 व्यक्ति चांपा की ओर से आये और पिकअप वाहन के दरवाजा को रोड किनारे द्वारिका प्रसाद के पोल्ट्री फार्म के पास महुंदा में खड़ी करके अपने खोलकर रामकिशन को डंडा से मारपीट करने लगे। प्रार्थी गाड़ी से उतरा तो उसके साथ भी मारपीट करने लगे और आरोपीगण उन्हें बैठाकर कुदरी बैराज तरफ ले जा रहे थे तब रास्ते में टहलने वाले लोगों को भी मारपीट किये, जिस पर राह चलने वाले लोग आरोपीगण को दौड़ाने लगे तब आरोपीगण प्रार्थी के पिकअप वाहन को रास्ता में छोड़कर एक व्यक्ति भाग गया। आरोपीगण उसके साथ मारपीट करने लगे, एक लड़का चाकू से मार रहा था तब प्रार्थी हाथ से रोका तो उसके दाहिने हाथ में चोट लगा तब प्रार्थी अपने मोबाईल नंबर का पासवर्ड व बैंक बैलेंस बताया तो उसके बैंक बैलेंस मे से एक व्यक्ति 70 हजार ट्रांसफर कराये और उससे और पैसे की मांग करते हुए मारपीट करने लगे। संतोष बरेठ द्वारा दो बार 20-20 हजार कुल 40 हजार को ट्रांसफर कर दिया। आरोपीगण प्रार्थी के साथ मारपीट कर उससे 1 लाख दस हजार ट्रांसफर कराये हैं और उसके पिकअप वाहन को लूटपाट कर कुदरी बैराज के पास लाकर छोड़ दिये है। उक्त घटना के संबंध में प्रार्थी द्वारा थाने में को महुदा गांव लोग देखे के लो लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर आरोपीगण के विरूद्ध थाना चांपा में धारा 34, 323/34 (दो बार) भा.द.सं. एवं धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। मामले में आरोपी प्रशांत चौहान, मुकेश कर्ष, प्रलय प्रधान, राज चौहान सहित पांच आरोपियों को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2-2 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।



### खास बात

- प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र चौहान ने सुनाया फैसला

# बदली खुलने के साथ ही ठंड में हुई बढोतरी, ठिठुरने लगे लोग

**जांजगीर-चांपा।** बदली खुलने के साथ मौसम साफ हो गया। वहीं ठंड लगातार बढ़ रही है। जिसके कारण सुबह से रात तक गर्म कपडों में नजर आ रहे है। ठंड के चलते सर्वाधिक परेशानी बुजुर्ग एवं छोटे बच्चों को हो रही है।

गौरतलब है कि दिसंबर महीने के शुरुआत से ही तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। इधर तापमान में गिरावट के चलते ठंड लगातार बढ़ रही है। वहीं सुबह से रात तक लोग गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं, जिसके चलते गर्म कपड़ों की मांग लगातार बढ़ रही है। सोमवार 8 दिसंबर को जहां न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से अधिकतम 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इसी प्रकार रविवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस से अधिकतम 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इसके अलावा एक सप्ताह से ठंड में बढ़ोतरी देखी जा रही है। कुल मिलाकर देखा जाए तो दिन एवं रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। इसके बाद तापमान कम हो रहा है।

# आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले बदमाश पर जिला बदर की अनुशंसा

**जांजगीर-चांपा।** जिले में गौवंश तस्करी और लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले आदतन निगरानी बदमाश के विरुद्ध पुलिस ने कड़ी कार्यवाही करते हुए जिला बदर की अनुशंसा का विस्तृत प्रतिवेदन जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर को प्रेषित किया है। मिली जानकारी के अनुसार धरदेई निवासी आरोपी रमेश यादव के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत कुल 6 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें चोरी, गौ तस्करी तथा जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। इसके अतिरिक्त आरोपी के विरुद्ध 2 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी पूर्व में की जा चुकी है। लगातार कार्यवाही के बावजूद आरोपी अपने अपराधों से बाज नहीं आ रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत उसे जिला बदर किए जाने की कार्रवाई उचित एवं आवश्यक बताई गई है। उसे जिले से निष्कासित करने हेतु पूरा प्रतिवेदन जिला दण्डाधिकारी को भेज दिया है। अब आगे की कार्रवाई प्रशासन द्वारा की जाएगी।





कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि।

# खरखोद में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

**तनौद।** शासकीय हाई स्कूल खरखोद में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज पामगढ़ के अध्यक्ष खेदू सिंह कंवर ने अपने उदबोधन में जनजातीय गौरव समाज के जननायक शहीद वीर नारायण सिंह एवं भगवान बिरसा मुंडा व अनेको नायकों के बारे में जिन्होंने देश की आजादी में अहम योगदान दिया उनके द्वारा किए गए कार्यो का विस्तार पूर्वक वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि उन पुरुषों ने हमारे लिए जो काम किया उससे हमें प्रेरणा लेकर उनके कार्यो को सहा आगे बढ़ाने के लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच प्रतिनिधि अमित ने बच्चों को निशुल्क ट्यूशन देने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय एच.सी.सुमन ने पुरखों को याद करते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्गो पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित शाला विकास समिति अध्यक्ष सुनील खुंटे ने अपने उद्बोधन में कहा कि वे हमेशा शाला के विकास के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के श्रीमती नीता मंडल, श्रीतेश कुमार कश्यप, अजय पटेल, एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक गिरधारी लाल पटेल, बलराम सिंह गोड़, संजीव भानु एवं संकुल समन्वय, शिव प्रसाद साहू, चंदन सिंह पैकरा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र कुमार महिलांगे एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य आर.एस पैकरा के व्यक्त किया।

# लोहरदगा में हथियारों का जखीरा बरामद, दो आरोपी पकड़े गए

**राउरकेला।** सीमावर्ती ओड़िशा व झारखंड के लोहरदगा और लातेहार जिलों में नक्सल और उग्रवाद विरोधी अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, जिससे जेजेएमपी झारखंड जनमुखी पार्टी संगठन को भारी झटका लगा है।

लोहरदगा में पुलिस ने छापेमारी कर जेजेएमपी के दो समर्थकों नसीम अंसारी और श्यामलाल यादव को गिरफ्तार किया। उनके पास से 2 पिस्टल, 82 राउंड 5.56 एमएम इंसास कारतूस और 3 राउंड 8 एमएम कारतूस बरामद किए गए। लोहरदगा एसपी सादिक अनवर रिजवी के अनुसार दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दूसरी ओर लातेहार जिले में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर जेजेएमपी के दो सक्रिय माओवादियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपितों में सुनील उरांव, जो एरिया कमांडर और 2 लाख का इनामी है, तथा मुकेश लोहरा शामिल हैं। एसपी कुमार गौरव के निर्देशन में डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नवगढ़ और मानिका थाना क्षेत्र से इन्हें तड़के छापेमारी कर पकड़ा। सुनील उरांव पर 7 से अधिक गंभीर नक्सली मामलों में आरोप हैं, जबकि मुकेश लोहरा 2 मामलों में आरोपी है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।

लाइफ Style



# सामंथा
## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।

हॉलीवुड मसाला



# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।




# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर' पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला




# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।



# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आज़ाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।



# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



### बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

### मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने ब्लिट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता** : रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यी फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

## एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

*नई दिल्ली। रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं, जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुईं और सुपरहिट हुई थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माणि सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माणि भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।*



### इस फिल्म ने बना दिया था ग्लोबल आइकन

फिल्म को रूसी भाषा में रिलीज किया गया और ये दोनों देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म भारत के सिनेमाघरों पर 25 हफ्तों तक लगातार चली और फिल्म ने भारत में 3 करोड़ की कमाई की। वहीं, सोवियत संघ में भी फिल्म ने लगभग 2 करोड़ की शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने धर्मेंद्र को ग्लोबल आइकन बना दिया था।

### धरमवीर भी रूस में हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।

### अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।



## खबर संक्षेप

### स्वयं सेवकों ने रासेयो के उद्देश्य के अनुरूप कार्य करने का लिया संकल्प



**डोंगाकोहरौद।** महा.ज्यो.राव. फूले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगाकोहरौद विकासखंड पामगढ़ में प्राचार्य भार्गव के निर्देशन में नियमित गतिविधि अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र देवांगन द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिविरार्थियों स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, उद्देश्य और चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व निर्माण के बारे मे विस्तार से बताया गया। जिसमें सभी स्वयं सेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य के अनुरूप अपना कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त व्याख्याता गण श्री गोपाल हरि चौबे, श्री मंगल सिंह, श्री हिमाचल साहू,श्री मालिक राम खरे, श्रीमती रत्ना साहू, श्री मति रीना तिवारी, श्री प्रमोद ध्रुव, श्रीमती मधु किरण बंजारे और संतोष टंडन उपस्थित रहे।

### सेवा सहकारी समिति कमरीद में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ



**जांजगीर-चांपा।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित कमरीद में धान खरीदी का शुभारंभ पूजा-अर्चना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में सक्ती के पूर्व विधायक, प्रदेश महामंत्री ओबीसी मोर्चा डॉ खिलावन साहू, विशिष्ट अतिथि भाजपा शक्ति जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, जिला उपाध्यक्ष भुवन भास्कर यादव, सभापति बलौदा चूड़ामणि राठौर तथा अध्यक्षता भुनेश्वर कश्यप अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति कमरीद उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्राम कमरीद के सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार धीरही, जनपद सदस्य नमीष कश्यप, रामसुख कश्यप,उत्तम कौशिक, हरीश राठौर रमेश गबेल, देव यादव, कीर्तन गबेल, बिरिछ रत्नाकर, छोटेलाल यादव, योगेश साहू प्रभारी प्रबंधक, रामसिंह गौड़ कंप्यूटर ऑपरेटर, लवकांत वैष्णव, सोनू यादव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सिवनी मंडल के उपाध्यक्ष डॉ राजू यादव ने किया। भुनेश्वर कश्यप ने अतिथियों का स्वागत भाषण दिया। डॉ खिलावन साहू ने कहा वहीं सबसे ज्यादा समर्थन मूल्य पर धान खरादने व एकमुश्त धान की पैसा देने एवं जीरो ब्याज दर पर केसीसी देने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है। कार्यक्रम को टिकेश्वर गबेल एवं चूड़ामणि राठौर ने भी संबोध्ति किया। अंत में आभार प्रदर्शन समिति के प्रभारी प्रबंधक योगेश साहू ने किया।

### भारतीय संविधान के शिल्पी डॉक्टर भीमराव राव अंबेडकर को किया याद



**पामगढ़।** केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संस्थान नई दिल्ली के छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा भारत रत्न, ज्ञान के प्रतीक भारतीय संविधान के शिल्पी बाबा साहब डॉ भीमराव राव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंबेडकर चौक पामगढ़ में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान बाबा साहब अमर रहे। भारतीय संविधान जिंदाबाद के गगन भेदी नारे से माहौल गूंज उठा । इस अवसर पर विनेश मनहर प्रदेश अध्यक्ष केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संस्थान गोरेलाल बर्मन, मनोज खरे, दिनेश थवाईत, शिव पातरे संभागीय अध्यक्ष केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संस्थान बिलासपुर, शिव राज सायटोंडे जिला अध्यक्ष भीम रेजिमेंट जांजगीर चांपा , गिरधारी यादव, सत्या प्रकाश दिवाकर, सुखदेव श्रीवास, अनिल कुमार राय,परमेश्वर शांडिल्य सचिव, सुमित रत्नाकर, अजय मधुकर हरिशंकर शास्त्री, दीपक आदि उपस्थित थे।

## निधन

### प्रद्युम्न सिंह

**अकलतरा।** ग्राम बिरकोनी के प्रतिष्ठित नागरिक एवं पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारी संतोष सिंह बैस के पुत्र प्रद्युमन सिंह (उम्र 23 वर्ष) का आकस्मिक निधन सोमवार 8 दिसंबर को बिलासपुर में हो गया। उनका अंतिम संस्कार जांजगीर के रानी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि छोटे भाई कौशलेन्द्र सिंह ने दी। अंतिम यात्रा में परिजन एवं नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा

# टीम वर्क के साथ मिशन मोड में पूर्ण करें गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सोमवार 8 दिसंबर को साप्ताहिक समय-सीमा बैठक ली। बैठक में उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को धान खरीदी केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। किसानों की सुविधा, पारदर्शिता और व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कोचियों-बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखने और अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अन्य जिलों से धान की अवैध खरीदी, भंडारण व परिवहन पर सख्त रोक लगाएं तथा कार्रवाई करें।

कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि 11 दिसंबर तक समस्त गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण किया जाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीम वर्क के साथ मिशन मोड में सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने रोजगार एवं आजीविका लोन मेला को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि इसके साथ ही प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को तेजी से क्रियान्वित करने और शिविरों के माध्यम से व्यापक जन जागरूकता करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों में बैंकों में खातों में लंबी अवधि से निष्क्रिय रूप से जमा पाए गए हैं। इन खातों को सक्रिय करने के लिए 9 से 11 दिसंबर तक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिविर आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री महोबे ने कुष्ठ रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु जिले में सघन कुष्ठ रोग उन्मूलन अभियान 8 से 31 दिसम्बर तक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग को घर-घर सर्वे, स्क्रीनिंग, उपचार, संपर्क एवं जनजागरूकता गतिविधियों को तेज गति से संचालित करने को कहा। कलेक्टर ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में टीमों के माध्यम से सक्रिय खोज अभियान चलाकर संभावित रोगियों की पहचान करने तथा समय पर उपचार उपलब्ध कराने निर्देशित किया। साथ ही आमजन को बीमारी के लक्षण, जांच एवं मुफ्त उपचार की जानकारी व्यापक स्तर पर पहुंचने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जेम पोर्टल के अनुसार सभी खरीदी प्रक्रिया अनिवार्यतः निर्धारित नियमों एवं दिशानिर्देशों के तहत की जाएगी। कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग को निर्देशित किया है कि विभाग में लंबित सभी छात्रवृत्ति प्रकरणों का शीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने हितग्राही मूलक योजनाओं, महतारी वंदन योजना के सभी हितग्राहियों का आधार सीडिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग को अपार आईडी तैयार करने की प्रक्रिया में तेजी लाने, विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष कक्षाओं, मार्गदर्शन सत्रों और अभ्यास कार्यक्रम को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में रोजगार मेला एवं आजीविका मेला आयोजित कर अधिक से अधिक युवाओं और स्व-सहायता समूहों को अवसर प्रदान किए जाए। साथ ही वय वंदना योजना के पात्र वरिष्ठ नागरिकों को समय पर लाभ दिलाने हेतु उनके आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनवाने की बात कही। उन्होंने 11 से 12 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले युवा महोत्सव के आयोजन की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर आर.के. तंबोली, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## महिलाओं ने बढ़ते अपराध एवं अवैध नशे के कारोबार के विरुद्ध खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- वार्ड वासियों को अपराध एवं नशे के प्रति जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

वार्ड नंबर 3 की पार्षद सुनीता सिंह एवं वार्ड की महिलाओं के द्वारा उनके वार्ड में अवैध नशे के कारोबार एवं युवाओं में अपराधिक प्रवृत्ति बढ़ने के विरोध में पुलिस गस्त बढ़ाए जाने की मांग को लेकर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा को ज्ञापन सौंपने के बाद पुलिस विभाग के द्वारा वार्ड वासियों की बैठक आयोजित कर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

पार्षद सुनीता सिंह ने बताया कि बीते दिनों वार्ड के एक युवक के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई थी। परिजनों से बात करने पर पता चला कि युवक नशे का आदी हो गया था। वह घर में भी परिजनों को तंग करता था एवं अंततः उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वार्ड के युवक नशे का आदि होकर अपराध की ओर लिप्त हो रहे हैं अथवा स्वयं की जान लेने पर मजबूर हो रहे हैं जिसे देखते हुए वार्ड की महिलाओं के साथ पुलिस थाने में जाकर नशा हुआ अपराध के विरुद्ध रोक लगाए जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया था। बैठक को संबोधित करते हुए सहायक उपनिरीक्षक कृष्णा साहू ने कहा कि नशा केवल जीवन का नाश करता है। नशे का आदी होने पर लोग अपराध की ओर जाते हैं। वार्ड के युवा नशे की राह छोड़कर समाज के मुख्य धारा में शामिल होकर स्वयं का भविष्य सवारें एवं समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनें। वार्ड वासियों की मांग पर पुलिस विभाग के द्वारा नशे के अवैध कारोबार एवं अपराधियों के विरुद्ध मुहिम चलाकर वार्ड में पुलिस गस्त बढ़ाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजेश्वर मरकाम रिशु तिवारी एवं बड़ी संख्या में वार्ड की महिलाएं उपस्थित थीं।

## जनपद सीईओ ने धान खरीदी केंद्र नवापारा का किया निरीक्षण

**मालखरौदा।** जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं का विभिन्न अधिकारियों द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी किसानों से सुव्यवस्थित रूप से धान खरीदी किए जाने के लिए विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर पेयजल व्यवस्था, बायोमेट्रिक मशीन की उपलब्धता, विद्युत व्यवस्था, धान की मानक स्टैकिंग व्यवस्था, नया व पुराना जूट बारदाना, तिरपाल सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जांच कर कलेक्टर कार्यालय में आवश्यक जानकारियां दे रहे हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत मालखरौदा के सीईओ संदीप कश्यप ने धान खरीदी केंद्र नवापारा का निरीक्षण किया। तथा धान खरीदी प्रभारी से आवश्यक जानकारी लिया साथ ही किसानों से भी व्यवस्था के संबंध में जानकारी लिया बता दे जिले केकलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले में किसी भी किसान को धान विक्रय के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी धान खरीदी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यस्थित रखे जाए। कलेक्टर द्वारा इसके लिए धान खरीदी कार्य के दौरान सभी धान उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं तथा संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।



## खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

गुंजन एजुकेशन सेंटर में 4 से 6 दिसंबर तक आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का समापन हुआ। प्रतियोगिता के दौरान प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न खेलों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**खास बात**

- गुंजन एजुकेशन सेंटर में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

समापन समारोह के अवसर पर सक्ती क्षेत्र के चित्रकार राजकुमार यादव हरदा, मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा सक्ती की अध्यक्ष श्रीमती मीनल अग्रवाल तथा अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला समिति की सचिव श्रीमती शिल्पा कथुरिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अतिथियों ने प्रतिभागी विद्यार्थियों के कला की सरहना कर उनके मनोबल को बढ़ाया। कार्यक्रम के पहले दिन नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के बच्चों के लिए सिंपल रेस, बिस्किट रेस, जलेबी रेस, चॉकलेट रेस, स्पून रेस और जिक-जैक रेस का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। दूसरे दिन कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए चेयर रेस, सैक रेस, नीडल-थ्रेड रेस तथा थ्री-लेग रेस जैसी प्रतिद्वंदितापूर्ण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिससे मैदान में ऊर्जा और रोमांच का माहौल बना रहा। तीसरे और अंतिम दिन शतरंज, रंगोली, मेहंदी, सलाद सजावट तथा फायरलेस कुकिंग जैसी रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और नवाचारपूर्ण सोच का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के डायरेक्टर नितिन सोनी ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने बच्चों को खेल भावना, अनुशासन और टीम स्पिरिट के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के तुलेश चंद्र, गोबिंद दाश, भूमेश यादव, देविका पटेल, श्रीमती सारिका सोनी, कु पुष्पा यादव, पूनम यादव, आंचल यादव, काजल महंत, आंचल पटेल, नीतू यादव ,ज्योति देवांगन का विशेष सहयोग रहा ।



सलाद सजावट प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं।

## पार्षद ने शीतलहर से बचने की अलाव की व्यवस्था

**अकलतरा।** देश के उत्तरी क्षेत्र में भारी बर्फबारी के बाद छत्तीसगढ़ में भी शीत लहर का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग के द्वारा भी आने वाले दो-तीन दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ने की भविष्यवाणी की गई है। ऐसे में नगर की जनता नगर पालिका के द्वारा सार्वजनिक अलाव जलाए जाने की बाट जोह रही है। नगर पालिका के द्वारा कड़ाके की ठंड में अलाव की व्यवस्था नहीं किए जाने को देखते हुए वार्ड नंबर 18 के पार्षद कमलेश्वर दास वैष्णव के द्वारा रविवार को स्वयं के खर्चे पर आजाद चौक सहित अन्य स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई। अलाव के चलते ठंड से राहत प्राप्त करने वाले वार्ड वासी बलराज सिंह बैस एवं संजीव चंदेल ने बताया कि दो दिनों से नगर एवं क्षेत्र में शीतलहर के चलते कड़ाके की ठंड पड़ रही है ऐसे में पार्षद के द्वारा अलाव की व्यवस्था किए जाने से वार्ड वासियों को ठंड से बचाव में मदद मिल रही है। नगर वासियों के द्वारा नगर पालिका का ध्यान आकर्षित करते हुए नगर के विभिन्न वार्डों में सार्वजनिक अलाव जलाए जाने की मांग की गई है।



- नगरवासियों के द्वारा वार्डों में सार्वजनिक अलाव जलाए जाने की हो रही मांग

## बच्चों को आंख व दांत को सुरक्षित रखने दी गई सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- ग्राम तिलई में बच्चो के लिये लगाया गया नि :शुल्क दांत व नेत्र परीक्षण शिविर

वेल विशर फाउंडेशन द्वारा तिलई के सम्पत लाल कौशिक बाल संस्कार विद्या निकेतन स्कूल में बच्चो के लिए निशुल्क नेत्र व दन्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से नेत्र सहायक डी आर भारते एवं निजी क्लीनिक संचालक डॉ ओमकार निर्मलकर के द्वारा बच्चो का निशुल्क परीक्षण किया गया। स्कूल के संचालक तुलाराम कौशिक ने कहा कि वेल विशर फाउंडेशन द्वारा प्रकार से बच्चो के स्वास्थ्य सम्बंधी शिविर लगाना सहरानीय है। स्कूल के डायरेक्टर श्रीमती शकुंतला कौशिक ने कहा कि वेल विशर फाउंडेशन द्वारा लगातर क्षेत्र में अनेक कार्य कर रही है। आज हमारे स्कूल में लगे शिविर से बच्चो को लाभ मिला। वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष आविनाश सिंह से बच्चो को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। सचिव चिराग शर्मा ने बच्चो से कहा कि उनको अपने शरीर का ध्यान रखना चाहिए ।अपने दैनिक दिनचर्या में व्यायम,योग जैसे चीजो को करना चाहिए।



स्वास्थ्य विभाग से आये चिकित्सको ने बच्चो को उनके दांत और आंख को कैसे स्वस्थ रखना चाहिए उसकी सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन दीपक साहू ने किया, एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सविता कौशिक ने किया। कार्यक्रम में शाला के समस्त स्टाफ, अभिभावक एवं ग्रामीणजन उपसिथित रहे।

## जमीन गाइडलाइन दरों में वृद्धि को लेकर कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

शासन द्वारा जमीन गाइडलाइन की दरों में वृद्धि किए जाने के मामले को लेकर कांग्रेसियों ने मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मामला वापस लेने की मांग की है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जमीन की गाइडलाइन दरों में बेतहाशा वृद्धि किए जाने के विरोध में सोमवार 8 दिसंबर को सक्ती जिले में प्रॉपर्टी संघ सक्ती के बैनर तले जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने काले कपड़े पहनकर और हाथों में काले गुब्बारे लेकर सरकार के फैसले के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया, जिसकी प्रतिलिपि एसडीएम सक्ती एवं उप पंजीयक कार्यालय सक्ती को भी दी गई। इसके बाद एसडीएम कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर विधिवत ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार की ओर से आज कुछ नियमों में बदलाव के आदेश जारी किए गए हैं, लेकिन इन आदेशों से व्यापारी वर्ग संतुष्ट नहीं है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि पूर्व कांग्रेस सरकार के समय जो शिथिल नियम लागू थे, उन्हें भाजपा सरकार के आते ही समाप्त कर दिया गया, जिससे आम जनता को रजिस्ट्री खर्चे का भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। जमीन व्यापार से जुड़े लोगों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। प्रॉपर्टी संघ के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने कहा कि सरकार को व्यापार और व्यवसाय सुचारू रूप से चलाने के लिए नियमों को सरल और शिथिल बनाना चाहिए।



प्रतिदिन मेडिटेशन, रूपध्यान साधना, सुमधुर भजन और कीर्तन का किया जा रहा आयोजन

## गुरु की शरण में गए बिना भगवान की प्राप्ति संभव नहीं : युगल शरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 21 दिवसीय विलक्षण दार्शनिक प्रवचन श्रृंखला में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। 7 दिसंबर से प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 8.30 बजे तक मेडिटेशन, रूपध्यान साधना, सुमधुर भजन और कीर्तन का आयोजन भी किया जा रहा है।

प्रवचन श्रृंखला के 9वें दिन युगल शरण ने 'महापुरुष और गुरु-तत्त्व' विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जीव आनंद की खोज में निरंतर प्रयासरत है, परंतु वास्तविक आनंद इसलिए प्राप्त नहीं कर पाया क्योंकि जीव ने अनधिकार चेष्टा की, भगवान को स्वयं जानने का प्रयास किया, किसी संत को संत नहीं माना। उन्होंने स्पष्ट किया कि भगवान का नियम है कि वे जीव से प्रत्यक्ष रूप से नहीं मिलते। उनकी प्राप्ति के लिए माध्यम आवश्यक है और यह माध्यम है महापुरुष, गुरु। उन्होंने बताया कि महापुरुष को जानने के लिए तीन प्रकार का ज्ञान आवश्यक है- माहात्म्य ज्ञान, संबंध ज्ञान और सेवा ज्ञान और यह ज्ञान वही गुरु दे सकता है जिसने स्वयं भगवान को जान लिया हो। वेदों, पुराणों और रामायण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु-तत्त्व को ही सर्वाधिक महत्व दिया गया है। वेद मंत्र 'आचार्यवान पुरुषो हि वेद' का उद्धरण देते हुए स्वामी युगल शरण ने कहा कि भगवान की प्राप्ति गुरु की शरण में गए बिना सम्भव नहीं। गुरु के पास जाने की विधि पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिज्ञासु को निश्चयात्मक बुद्धि लेकर ही गुरु के पास जाना चाहिए, शंका भाव लेकर नहीं। गुरु वही होना चाहिए जो श्रोत्रिय भी हो और ब्रह्मनिष्ठ भी, अर्थात सैद्धांतिक और व्यवहारिक, दोनों रूपों में पूर्ण। गुरु ही साधना का पथ बताते हैं, कुसंस्कारों से लड़ते हैं, साधक की रक्षा करते हैं और अन्तःकरण को शुद्ध कर अंततः दिव्य प्रेम एवं दृष्टि प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवत प्राप्ति के बाद जीव आठ दिव्य गुणों से संपन्न होकर महापुरुष बन जाता है, जैसा कि ग्रंथों में वर्णित है। उन्होंने कहा कि जिसने भगवान को जान लिया वह स्वयं भगवानतुल्य हो जाता है। युगल शरण ने बताया कि श्रद्धा न होने पर भी साधु-संग अवश्य करना चाहिए। कपिल मुनि के उपदेश के अनुसार श्रद्धा की प्रतीक्षा करने से जीवन बीत जाएगा, इसलिए गुरु-संग में जबरदस्ती भी जाना पड़े तो जाना चाहिए। अंत में उन्होंने कहा कि गुरु बाहर से कठोर दिखाई दे सकते हैं, पर भीतर से अपने शरणागत को सदैव संभालते हैं। बाहरी कठोरता साधक को दृढ़ बनाने के लिए होती है, जबकि भीतर का स्नेह उसके आध्यात्मिक उत्थान का आधार बनता है। प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन सुनाते आचार्य युगल शरण।

